# इलाहाबाद विश्वविद्यालय
प्रयागराज – 211 002, उ0प्र0 (भारत)
# UNIVERSITY OF ALLAHABAD
Prayagraj - 211 002, U. P. (INDIA)

वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

पत्रांक : 170

दिनांक: 23-01-2024

## परिपत्र

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष दिनांक 25.01.2024 को चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त छात्र–छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलायी जानी है। चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम "Nothing like Voting, I vote for sure (**वोट जैसा कुछ नहीं, वोट ज़रूर डालेंगे हम**)" है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में दिनांक 25.01.2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सीनेट हॉल में पूर्वाह्न 11:30 बजे उक्त शपथ समस्त छात्र–छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलायी जाएगी।

नरेन्द्र कुमार शुक्ल

**कुलसचिव**

REGISTRAR
कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष
2. समस्त कर्मचारी/अधिकारी ।
3. समस्त अधीक्षक/संरक्षक छात्रावास ।
4. वित्त अधिकारी।
5. समस्त संयुक्त कुलसचिव, उपकुलसचिव एवं सहायक कुलसचिव।
6. कुलपति के सचिव को माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
7. कुलसचिव के वैयक्तिक सहायक को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
8. सम्पदा प्रबन्धक।
9. इंचार्ज विधि प्रकोष्ठ।
10. अभिलेखपाल।
11. यू0आई0एस0 यूनिट, कम्प्यूटर सेन्टर।
12. अध्यक्ष, आइ0सी0टी0 सेल को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उपरोक्त परिपत्र को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु इलाहाबाद विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करें।

नरेन्द्र कुमार शुक्ल

**कुलसचिव**

Office of the Registrar University of Allahabad
No R-628
Date 16/01/24
R(+) 17-01-24

निर्वाचन आवश्यक/तत्काल

# कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रयागराज

DR(P) 999 17/01/24

संख्याः– / निर्वाचन–2024–रा0म0दि0 / दिनांकः 16 जनवरी, 2024

प्रेषक,

जिलाधिकारी/
जिला निर्वाचन अधिकारी,
प्रयागराज।

सेवा में,

1–समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, प्रयागराज।
2–निदेशक, एम0एन0एन0आई0टी0, ट्रिपल आई0टी0, जी0बी0पंत सामाजिक अध्ययन संस्थान झूँसी, हरिश्चन्द्र शोध संस्थान झूँसी।
3–प्राचार्य, समस्त इजीनियरिंग/मेडिकल कालेज, प्रयागराज।
4–कुल सचिव, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
5–कुल सचिव, इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
6–कुल सचिव, राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
7–कुल सचिव, सैम हिगिम्बटन विश्वविद्यालय नैनी, प्रयागराज।
8–कुल सचिव, नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय, जमुनीपुर कोटवा, प्रयागराज।

विषयः– दिनांक 25 जनवरी, 2024 को चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संदर्भ में अवगत कराना है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूर्व वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 25 जनवरी, 2024 को चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन समस्त विभागों/कार्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों, मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कालेजों तथा विश्वविद्यालय स्तर पर किया जाना है।

2– उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षकों, छात्र–छात्राओं तथा अभिभावकों को मतदाता शपथ दिलायी जानी है। चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम **"Nothing like voting, I vote for sure** (वोट जैसा कुछ नही, वोट ज़रूर डालेंगे हम)" है। शपथ का प्रारूप मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की वेबसाइट **www.ceouttarpradesh.nic.in** एवं जनपद की वेबसाइट **prayagraj.nic.in** में जिला निर्वाचन अधिकारी पोर्टल **DEO portal"** पर उपलब्ध है।

3– सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उसका कियान्वयन निम्नानुसार किया जाना हैः–

(1) संलग्न शपथ पत्र को मतदाताओं के मध्य शपथ दिलाया जाना।

(2) राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संख्या पर अथवा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन स्कूल व शैक्षणिक संस्थाओं में प्रजातांत्रिक मूल्यों के उत्प्रेरण हेतु **"Nothing like voting, I vote for sure** (वोट जैसा कुछ नही, वोट ज़रूर डालेंगे हम) " विषय पर विभिन्न गतिविधियाँ यथा निबन्ध, वाद–विवाद प्रतियोगिता, ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिता आदि का आयोजन सुनिश्चित किया जाय।

(3) मतदाता जागरुकता संबंधी लोक नृत्य, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया स्कूल व शैक्षणिक संस्थाओं में गतिविधियाँ एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने के साथ ही अपने विभाग/कार्यालय में दिनांक 25–01–2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों/अधिकारियों को मतदाता शपथ दिलाने का कार्यक्रम आयोजित कराने का कष्ट करें। साथ ही साथ आयोजित कराये गये कार्यक्रम की एक–एक फोटो इस कार्यालय को भेजवाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः–शपथ पत्र

भवदीय,

(नवनीत सिंह चहल)
जिलाधिकारी/
जिला निर्वाचन अधिकारी,
प्रयागराज।

JR(P)
For n/a & also circulate to all HoD's.
16/1/2024
REGISTRAR
कुलसचिव

पृ0सं0 / निर्वाचन–2024–रा0म0दि0 / दिनांकः यथोक्त।

प्रतिलिपि आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2– समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, प्रयागराज को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

संलग्नकः–शपथ पत्र

SO EA ABC

जिलाधिकारी/
जिला निर्वाचन अधिकारी,
प्रयागराज।

d/NVD2024

# मतदाता शपथ

" हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्णा रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे "